तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

ब्रह्माकुमारी की आध्यात्मिक शिक्षा को जीवन में आत्मसात... 14



पोषण पखवाड़ा : कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण... 12



## खबर संक्षेप

### कार में शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** कार में शराब तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रात को डायल 112 के सूचना मिला कि कार सीजी 04 एमडी 2018 में संदिग्ध स्थिति में ग्राम ठेलका की तरफ जा रहा हैं। पुलिस ने ठेलका चौक की तरफ निकली जिसे देख आरोपी जालबांधा रोड की ओर मुड़ गए। संदिग्ध वाहन ग्राम मुड़पार बस्ती में घुस गई। जहां कार अनियंत्रित होकर घर की दिवाल पर टकरा गई। मौका मिलने पर आरोपी फरार हो गए। उक्त वाहन में 13 खाकी बाक्स में गोवा शराब जब्त किया। उक्त शराब एमपी का था। गोवा अंग्रेजी शराब की कीमत 87 हजार 750 रूपये और कार 5 लाख रुपए आंकी गई।

### गांजा बेचने वाली दो महिला और युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली दो महिला और एक युवक को पुलिस के हत्थे चढे है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर बालाजी नगर खुर्सीपार में गांजा बेचने की सुचना मिली थी। खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई किया है। पुलिस ने कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी नाज परवीन, श्रीराम चौक नवीन कालेज के पास खुर्सीपार एम ईश्वरी, कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी अब्बास खान को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 किलो 61 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 1480 रूपए, 5 मोबाईल फोन जब्त किया। कुल कीमत 1 लाख 60 हजार 980 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम अजय सिंह प्रभारी,खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज समेत पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### लाखों की चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शिक्षक कातन चौक भिलाई तीन में हुए लाखों की चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 334 (2), 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पीड़िता राधिका हरदेल के मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। जेवरातों की कीमत 7 लाख 85 हजार रूपये है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। पुलिस को अपचारी बालक पर संदेह होने पर पूछताछ किया गया। उसने सोने चांदी के जेवरात आलमारी से निकालकर चोरी किया।

# मोर दुआर साय सरकार अभियान : पीएम आवास के लिए पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मोर दुआर साय सरकार के अंतर्गत आवास प्लस सर्वे 2.0 ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें आवास योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है।

इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत बेरला के ग्राम आनंदगांव और ग्राम पंचायत देवरबीजा में विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने आनंदगांव पहुंचकर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया तथा विधायक दीपेश साहू ने ग्राम देवरबीजा में लोगों से मुलाकात की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आवास स्वीकृति से संबंधित जानकारी दी और उन्हें जल्द से जल्द आवास निर्माण पूर्ण कर उसमें निवास आरंभ करने के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से, सावित्री ध्रुव, मेहतर तथा अंजनी / धरम दास नामक हितग्राहियों से की गई बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति साझा करते हुए सरकार के इस प्रयास की सराहना की। दोनों हितग्राहियों ने बताया कि अब तक वे कच्चे और असुरक्षित मकान में रह रहे थे, लेकिन आवास स्वीकृति की जानकारी मिलने पर उन्हें और उनके परिवार को एक सुरक्षित छत की उम्मीद मिली है। उन्होंने इसके लिए शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### सांसद बघेल ने हितग्राहियों से की सीधी बातचीत



#### पक्के आवास की सुविधा

ग्रामीणों और लाभार्थियों में जब यह जानकारी पहुंची कि उन्हें सरकारी योजना के अंतर्गत पक्के आवास की सुविधा मिल रही है, तो पूरे गांव में उत्साह और खुशी का वातावरण देखने को मिला। इस कार्यक्रम ने मोर दुआर साय सरकार की भावना को वास्तविक रूप में चरितार्थ किया है, जिसमें शासन स्वयं आमजन के द्वार तक पहुंचकर सेवा कर रहा है। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला, तहसीलदार, अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम पंचायत आनन्दगांव एवं देवरबीजा के सरपंच, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**मौसम**

### जिले में 42 डिग्री तापमान, चल रही है गर्म हवाएं

# मिट्टी से बने घड़ों की बढ़ी डिमांड तेज धूप से सड़कें हुई वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंचल में तेज गर्मी पड़ने लगी है। दोपहर में तेज धूप से शहर की सड़कें सूनी हो जाती है। तपन भरी गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहे हैं। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गर्मी से राहत दिलाने वाले उपकरण खरीद रहे हैं। मौसम के बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरों के पास मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर दोपहर 12 बजे के बाद वीरानी छा जाती है। सूर्य की तपिश बेहाल करने लगी है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिये तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है। गर्मी के चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में सड़क सूनसान हो जाती है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। शाम 4 बजे के बाद ही सड़को में चहल-पहल दिखती है, तो वहीं नगर के मेन रोड सदर बाजार में भी वीरानी छाई रहती है। शाम ढलते ही दुकानों में रौनकता आने लगती है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। गर्मी की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो गई है।

पिछले तीन चार दिनो से क्षेत्र में पारा 40-42 डिग्री तक पहुंच गया है। मैकेनिक सुनील ने बताया कि गर्मी की दस्तक ने लोगों को इलेक्ट्रानिक उपकरण ठीक कराने के लिए मजबूर कर दिया है। गर्मी का मौसम हम लोगों के लिए सीजन के रूप में देखा जाता हैं। इस बार गर्मी आहट मार्च से ही शुरू हो गई जिसके चलते एसी, कूलर से लेकर अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण के सुधार महीने पहले से करने पर जुटे हुए हैं।



#### कार्बाइट से पका हुआ फल बिक रहे हैं

बाजार में बिकने वाला फल जायका बनाने के साथ बीमार भी कर सकता है, क्योंकि बाजार में इन दिनों कम कीमत ओर ज्यादा फायदे के चलते कार्बाइट से पका हुआ आम और केला बिक रहे हैं। वह गर्मी में गला तर करने के लिए लोग तरबूज को देखकर बरबस ही आकर्षित हो रहे हैं। तरबूज में भी इन दिनों रंगों की मिलावट खेल होने की बाते सामने आ रही है। डॉक्टरों के मुताबिक अप्राकृतिक तरीके से पकाए फलों और रंगों का उपयोग शरीर के लिए फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है। फल सब्जियों की खरीदारी करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी हैं। लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से ना ही इनकी जांच की जा रही है ओर न ही इन पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

#### बाजार में बिक रहा देसी फ्रीज

ग्रामीणों के बीच आज भी घड़े की मांग ज्यादा है। फ्रीज होने के बाद भी देसी मटके की मांग में कमी नहीं आई है। आज भी मिट्टी के बर्तन जिनमें घड़े गमले सहित कई पात्र उपयोग करते हैं। पैतृक व्यवसाय से अपना जीवन यापन करने वाले कुम्हारों की आमदनी एक मात्र जरिया है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है। देशी फ्रिज कहे जाने वाली मिट्टी का घड़ा घर-घर पहुंचने लगे है। इस बार सूर्य का रौद्र रूप मार्च माह में प्रारंभ हो गया। इसके चलते गर्मी बढ़ने से घड़े की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। मटके के व्यापार से जुड़े कुम्भकारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घड़े की कीमतों में दस प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घड़े का उपयोग करते हैं। सामान्यतः अक्ती के समय से लोग घड़े का पानी पीते हैं। लेकिन इस बार गर्मी में अप्रैल से घड़े बिकने लगे हैं। दुकानदारों ने बताया की मटका का मुख्य रूप से बड़ा बाजार में बिक्री होती है। मटके की मांग को देखते हुए बड़ा बाजार, कुम्हार पारा, पड़ाव चौक, खरीपारा सहित जगह-जगह मटका बेचने वाले दुकान खोलकर बैठे रहते है। गर्मी में ठण्डा पानी के लिए घड़े बनाने का काम जनवरी माह से शुरू हो जाता है।

# ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे जिला नोडल अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में चल रहे परीक्षा कक्षा दसवीं, बारहवीं ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले ने किया।

परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कक्षा बारहवीं में वाणिज्य विषय में कुल दर्ज 10 विद्यार्थी में से 9 विद्यार्थी उपस्थित एवं एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं कक्षा में कुल दर्ज 81 में से 78 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले द्वारा परीक्षा के संचालन के संबंध में पर्यवेक्षक और केंद्राध्यक्ष को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। परीक्षा केन्द्र के केंद्राध्यक्ष चंद्रकेश चालीसा के मार्गदर्शन में संपूर्ण परीक्षा शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार का कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। निरीक्षण के समय जिला नोडल अधिकारी के साथ केंद्राध्यक्ष चंद्रकेश चालीसा, दिलप्रीत कौर, पायल निषाद आदि शामिल हैं।

### बस में छूटे बैग को पुलिस ने खोजकर प्रार्थी को किया सुपुर्द

**राजनांदगांव।** एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे दंपत्ति का बैग, जिसमें आभूषण एवं फोन थे, वह बस में ही छूट गया। जिसकी सूचना प्रार्थी ने डोंगरगांव पुलिस को दी। पुलिस ने प्रयास कर बस में छूटे बैग का पतासाजी कर प्रार्थी को लौटाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 अप्रैल को प्रार्थी मुकेश निषाद निवासी नागपुर महाराष्ट्र अपने पत्नी और बच्चों समेत अपने रिश्तेदार के घर ग्राम घोरदा टोलागांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से घोरदा जागीरदार बस से आया एवं अपने दोनों छोटे बच्चों को लेकर बस से उतर गया।

# पात्र हितग्राहियों को मिलेगा पीएम आवास जिपं अध्यक्ष गांवों का करेंगी भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए प्रदेशभर में 15 दिवसीय "मोर द्वार साय सरकार" महा अभियान की घोषणा की है।

इस विशेष अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगी और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, पात्र हितग्राहियों के चयन और योजनाओं की पारदर्शिता का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा जब झोपड़ी में रहने वाला गरीब परिवार पक्के मकान में शिफ्ट होता है और उसके चेहरे पर जो मुस्कान दिखाई देती है, वहीं हमारे लिए असली पूंजी होती है। यही सरकार की असली उपलब्धि है। गरीबों के जीवन में बदलाव और आत्मसम्मान लौटाना। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य उन ग्रामीण परिवारों की पहचान करना जिन्हें अब तक किसी भी योजना के अंतर्गत पक्का मकान नहीं मिला है। उन्होंने कहा पात्र हितग्राहियों का चयन कर उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाना के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय से निर्माण कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करना। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने सभी जिला पंचायत सदस्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लें और एक भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# आंदोलन स्थल पर सचिवों ने दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान बीते 15 अप्रैल को 54 वर्षिय सचिव राजकुमार कश्यप ग्राम पंचायत कुटेलामुड़ा जनपद पंचायत पाली जिला कोरबा का आकस्मिक निधन हो गया।

वहीं दो अन्य सचिव मोहित साहू ग्राम पंचायत उतेकेल जनपद पंचायत पिथौरा जिला महासमुंद, रामेश्वर चौहान ग्राम पंचायत बनकोम्बो जनपद पंचायत कुनकुरी जिला जशपुर की भी असमयिक मृत्यु हो गई। संघ हित में प्रदर्शन करने के दौरान जान गवाने वाले अपने साथियों को ब्लाक इकाई बेरला में ब्लाक अध्यक्ष केहर सिंह साहू के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सचिव संघ के धरना स्थल में गजानंद वर्मा द्वारा संगठन संबंधी गतिविधियों से अवगत कराया और कहा कि सरकार जब तक शासकीयकरण आदेश प्रसारित नहीं करती तब तक हड़ताल लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर जीवन साहू, श्याम लाल साहू, जनक साहू, टोप सिंह निषाद, दशरथ निर्मलकर, गिरवर गायकवाड़, मूलचंद साहू, भोजराम धीवर, परमेश्वर निषाद, लेखराम साहू, लवकुश मानिकपुरी, रोशन मानिकपुरी स्वरूपानंद वर्मा, रामानंद साहू, प्रमोद सिंह राजपूत, अशोक कुमार गायकवाड़, संतोष मरकाम, पतिराम साहू, पंचराम निषाद, पवन विश्वकर्मा, गजेंद्र यादव, राज कुमार साहू, प्रभु राम साहू, गजेंद्र वर्मा, जगदीश यादव, कमलेश्वर देशलहरा, रोहित बंजारे, चिंताराम निषाद, चुनू राम साहू, मीनू साहू, गोवर्धन साहू, पुष्पराज परगनिहा, अमित देवांगन, त्रिवेणी साहू, सविता वर्मा, विनीता शर्मा, ममता साहू, सुरेखा, निशा शर्मा, सरिता यदु, कीर्ति साहू, चंद्रा मार्कण्डेय, नीतू साहू, जमोत्री मनहरे, अनीता मार्कण्डेय एवं पंचायत सचिव संघ बेरला के समस्त पंचायत सचिव उपस्थित रहे।



## कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बुलंद

# परपोड़ी अंचल में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

शासन प्रशाशन आंख मूंदकर बैठा हुआ है , ईट भट्ठा पूरी तरह से अवैध रूप से उच्च अधिकारियों के संरक्षण से चल रहा है , हद तो तब हो गई जब रोड के किनारे साशन की जमीन पर अतिक्रमण कर खुले आम प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हुए लाल ईट का कारोबार खुले आम चल रहा है , क्या शासन प्रशासन के उच्च अधिकारी आंख मूंदकर चल रहे ऐसा लगता है तभी तो जिस रास्ते से तहसीलदार , एसडीएम , कलेक्टर जैसे अधिकारी वर्ग और विधायक , सांसद जैसे नेता चल रहे है और रोड के बगल में यह अवैध काम खुले आम चल रहा है ।

अब इस पर कोई शिकायत करता है तब भी कुछ नहीं होता , मानो ऐसा प्रतीत होता है कि बेमेतरा जिले भर में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत देखने को मिल रहा है । शासन द्वारा कुछ वर्ष पहले लाल ईट में पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है उसके बावजूद सड़क किनारे या शासन की घासभूमि पर अवैध रूप से लाल ईट के भट्ठे किसके संरक्षण में चल रहा है । शासन द्वारा अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई को रोकने के लिए लाल ईट पर प्रतिबंध लगाया गया है , ईट निर्माता मिट्टी के लिए जमीन को पूरी तरह से खुद डालते है जिससे घटना दुर्घटना होने की आशंका सदैव बन रहता है , अकसर लाल ईट भट्ठे वाले लोग पानी की सुविधा नदी वाले गांव के नदी किनारे ईट भट्ठे का अवैध व्यापार करते है क्योंकि उन्हें जिस प्रकार के मिट्टी की आवश्यकता पड़ता है वह मिट्टी उसे नदी किनारे मुफ्त में मिल जाता है।





#### लाल ईंट भट्ठों से होने वाले नुकसान

हरे भरे पेड़ो की कटाई अधिकतर अवैध भट्ठों के ही कारण होता है। इस वर्ष जब सब तरफ पीने ।के पानी की किल्लत है तब यह लोग अत्यधिक पानी का उपयोग कर रहे है । कोयले और कच्चे लकड़ी के उपयोग के कारण जो धुआ उत्पन्न होता है उससे वातावरण प्रदूषित ओर बहुत अधिक गर्म होता है । ईट भट्ठे निर्माण स्थल के नीचे की जमीन का भाग बंजर हो जाता है ।.कोयला के जलने के बाद जो राख हवा में उड़ता है उससे आस पास में रहने वाले लोगों को ओर राहगीरों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकतर ईट भट्ठा संचालनकर्ता दूसरे राज्यों से है जिनके कारण यह के स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है ।

# आंबेडकर जयंती पर कॉलेज में हुई भाषण और निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया। उपप्राचार्य लक्ष्मी नारायण साहू ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जीवनी और व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की।

उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं और समाज में योगदान को उजागर किया। चर्चा से विद्यार्थियों को डॉ. आंबेडकर के जीवन और कार्यों के बारे में गहराई से जानने का अवसर मिला।

भाषण प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय सेमेस्टर से नूरी सिन्हा प्रथम, बीएड चतुर्थ सेमेस्टर टिकेंद्र देवांगन व हिमांशु पाण्डेय द्वितीय, निबंध प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय सेमेस्टर से ज्योति साहू प्रथम व बीएड चतुर्थ सेमेस्टर से नंदकुमारी व रोहिणी नेताम द्वितीय स्थान पर रहें। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में संगीता अग्रवाल व शुभम गजभिये, निबंध प्रतियोगिता में राजेंद्र वर्मा रहे। इसी क्रम में आंबेडकर जयंती पर जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम को को-ऑर्डिनेट कराने में शिक्षक प्रतिनिधि रेवती साहू व रेशमा पटेल ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, एनएसएस अधिकारी राजेश गजपाल एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जीडी मानिकपुरी, निधि तिवारी, योगेश्वर सिन्हा, स्वाति पटेल, रूपेंद्र डहरिया, नंदिनी वर्मा, प्रीति शर्मा, राजेश यादव, अंशु दत्ता, गायत्री राजपूत, होरीलाल देवांगन व कमलेश साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप



### अवतरण दिवस पर प्रसादी एवं शर्बत वितरण

**दुर्ग।** युवा सेवा संघ भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू के 89 वा अवतरण दिवस पर पावर हाउस भिलाई में राहगीरों को चना प्रसादी एवं शर्बत का वितरण किया, साथ में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका का भी निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में भिलाई कैंप, सेक्टर और बोरसी के भाइयों और बहनों द्वारा प्रसादी वितरण की सेवा की गई। सभी नगर वासी को संत श्री की अवतरण दिवस की बधाई दी गई। सदगुरू के अवतरण दिवस पर देश भर में सभी 450 आश्रम समिति द्वारा यह सेवा कार्य आम जन मानस के बीच किया गया।

### समिति ने किया सकोरे का वितरण



**दुर्ग।** गोंडवाना भवन सिविल लाइन में पक्षियों के लिए पानी पात्र सकोरे का वितरण नगर निगम महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल सकोरा वितरण में शामिल हुए। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर सचिव दिलीप ठाकुर, सदस्य केआर मुदलियार, लेखु यादव ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

### सालाना उर्स पाक 13 मई से

**दुर्ग।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह पुराना बस स्टैंड दुर्ग का सालाना उर्स पाक (एकता उत्सव) मई 2025 कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया हैं। रऊफ कुरेशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स पाक कमेटी ने बताया कि, 13 मई को बाद नमाज मगरिब दरगाह शरीफ में परचम कुशई कर उर्स का आगाज किया जाएगा। वहीं 14 मई को शाही संदल ख़ादिम-ए-आस्ताना के निवास जामा मस्जिद के पास से रात्रि 8 बजे शहर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगी जहां चादरपोशी की रस्म अदा कर छत्तीसगढ़ में अमन शांति खुशहाली कि दुवा कि जायगी, 15 मई को रात्रि 9:30 बजे मशहूर आतिशबाजी अयाज रजा, रजा फायर वर्क्स की ओर से मनमोहक आतिशबाजी पेश की जाएगी।

### अटल दुर्ग सिंधी समाज के अध्यक्ष चुने गए

**दुर्ग।** दुर्ग सिंधी समाज की संस्था पूज्य सिंधी जनरल पंचायत तथा अधीनस्थ संस्था सिंधु भवन संचालन समिति पूज्य शदाणी दरबार संचालन समिति का वर्ष 2025-2027 कार्यकाल के लिए पुर्नगठन किया गया। महेश गणेशानी ने बताया कि आगामी कार्यकाल 2025-27 हेतु समाज की सर्वोच्च संस्था पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद पर अटल गोदवानी, महासचिव प्रो धनराज भावनानी, कोषाध्यक्ष राम बख्तियार सर्वसम्मति से चुने गए।

# सचिव की मांग को एजेंडों से रखा दूर, पेयजल को लेकर दिखी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा में सचिवों को नियमितिकरण किए जाने की घोषणा का हवाला देकर कांग्रेस सदस्यों ने सामान्य सभा में उनकी मांगों को प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने की बात रखी। लेकिन इसे एंजेडे में शामिल नहीं किए जाने से कांग्रेस सदस्यों ने नाराजगी दिखाई और सीईओ का घेराव कर दिया था। इसके आलावा सभा में अवैध खनन और पेयजल की समस्या को लेकर बवाल मचा रहा।

जिला पंचायत में भाजपा की सत्ता आने के बाद यह पहली बैठक थी। बैठक में कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि, पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों में काम ठप है। ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल समस्या विकराल हो गई है। जिसका भी निराकरण करने में दिक्कत आ रही है। जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में यह मुद्दा जोरशोर से छाया रहा। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने घोषणा पत्र में शामिल पंचायत सचिवो के शासकीयकरण के संबंध में प्रस्ताव लेकर शासन को भेजने मांग रखी। मगर श्रीमती मिश्रा की माने तो अधिकारियों ने इसे प्रस्ताव में शामिल नहीं किया। जिस पर बवाल मचा रहा। सामान्य सभा में सीईओ बजरंग दुबे द्वारा मीडिया कर्मियों को सभा में प्रवेश की अनुमति नही दी। जिसे लेकर कांग्रेस सदस्यों ने नाराजगी जताई और माहौल तनावपूर्ण रहा। पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने कहा कि, हमेशा से मीडिया को सभा में प्रवेश की अनुमति रही हैं। सीईओ द्वारा ऐसा करना गलत है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में अवैध खनन पर गरम रहा सदन

### सौ से ज्यादा अर्जी बोर करने, सिर्फ एक मशीन

कांग्रेस सदस्यों ने गांव में पेयजल की समस्या को प्रमुखता से उठाया। जिस पर पीएचई के ईई उत्कर्ष शर्मा ने बताया कि, नलकूप के लिए 100 बोरवेल्स करने आवेदन आए है। लेकिन सिर्फ एक मशीन होने के कारण बोरवेल्स करने में देरी हो रही हैं। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी एवं दानेश्वर साहू ने कहा कि, गांव गांव में भीषण पेयजल संकट है। अधिकारी जिले में नलकूप खनन के लिए 100 प्वाइंट स्वीकृत होने की बात कह रहे हैं और जिले में इसके लिए मशीन मात्र एक है। नोमिन ठाकुर ने कहा कि उनके क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत हैण्डपपों में पानी नहीं आ रहा। मगर अधिकारी आफिशियल 5 प्रतिशत ही बंद होना बता रहे जो गलत है।




### पीएम आवास में कांग्रेस सदस्यों की उपेक्षा

आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा उनके क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में पीएम आवास के जिला स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत द्वारा इसके लिए प्रेषित आमंत्रण कार्ड में क्षेत्र का जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद नाम नहीं था। अधिकारी ऐसा कर निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं, वहीं उन्हें इसका सिर्फ आमंत्रण कार्ड मिला जो कार्यक्रम के एक घंटा पहले दिया गया। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने उपर से मिले प्रोटोकाल के अनुसार ही कार्ड में नाम डाला जाता है। धमधा जनपद पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र में चल रहे अवैध मुरूम उत्खनन पर रोष जताया अधिकारी में मामले कार्रवाई की बात कही।

## आवंटन : 34 शराब दुकानों में अहाता खोलने सवा सौ ने लगाई बोली

# पौने छह करोड़ के अहाते के लिए लगी दस करोड़ रुपए की बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा की सरकार द्वारा पिछले साल से शराब दुकानों में शुरू किए गए अहाता के लिए इस बार फिर से ठेका जारी किया गया हैं। जिले के 34 शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए ठेकेदारों ने ऐसी रूचि दिखाई कि, महज सालभर में आबकारी के खजाने में चार करोड से अधिक का राजस्व मिलेगा। जिले के 34 देशी व विदेशी शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए सवा सौ ठेकेदारों ने रूचि दिखाई। पौने छः करोड के अहाते के लिए दस करोड रूपए तक की उंची बोली लगी हैं।

जानकारी अनुसार पाटन, अहिवारा, डीपरापारा दुर्ग, जोरातरई, नंदनीखुंदनी और ट्रांसपोर्ट नगर सिकोलाभांठा के लिए एक भी आवेदन नही आए, जिसकी नीलामी के लिए अलग से तारीख निर्धारित की जाएगी। पिछले साल 53 देशी व विदेशी शराब दुकानों के लिए अलग-अलग टेंडर मंगाए गए थे। लेकिन इस बार एक ही परिसर में देशी व विदेशी शराब दुकान के अहाते को एक समूह बना दिया गया है। जिसके चलते दो दुकानों का एक समूह तैयार किया गया हैं। इसके पीछे का लाजिक विवाद को रोकना था। इस बार 53 के जगह 40 समूह के लिए टेंडर निकाले गए थे। हांलाकि इसमें से छः समूह के लिए एक भी आवेदन नही आए। विगत 15 अप्रैल को खोले गए टेंडर में 125 लोगों ने भाग लिया था। जिले में देशी व विदेशी शराब दुकान के अहाते के लिए सालाना 5 करोड 88 लाख 6 हजार रूपए बेसरेट निर्धारित थे। आनलाइन के तहत लिए गए सवा सौ आवेदनों में बोलीकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति निर्मित थी। ऐसे में सबसे अधिक उंची दर सभी दुकानों को मिलाकर दस करोड रूपए तक गए है। आबकारी विभाग को हर साल निर्धारित दर से करीब चार करोड रूपए की अतिरिक्त आय होगी।

### अहाता चलाने दिखा उत्साह, दुगुने दर पर बिके




### अब चार साल के लिए फुर्सत

भाजपा की सरकार द्वारा देशी व विदेशी शराब दुकान में आहता खोलने की पालिसी लाई गई थी। पिछले साल टेंडर किया गया था, लेकिन ये सिर्फ एक साल के लिए ही था। लेकिन इस बार मंगाए गए टेंडर की अवधि चार साल की रहेगी। मतलब इस बार जिस दर से ठेकेदारों को अहाता आबंटित किया गया हैं। उसमें हर साल सिर्फ दस फीसदी दर की बढोत्तरी की जाएगी। अब आने वाले चार साल बाद अहातों का टेंडर नए सिरे से कराया जाएगा। इससे हर साल होने वाले टेंडर से व्यापारियों को छुटकारा मिला जाएगा।

### सबसे महंगा बसंत विहार भिलाई का अहाता

जिले के 34 दुकान में सबसे महंगी बसंत विहार भिलाई का अहाता 55 लाख में बिका हैं। वही दूसरे नंबर पर सिविक सेंटर भिलाई 53 लाख 30 हजार, तीसरे में उतई देशी व विदेशी आहाता 48 लाख 96 हजार में बिका हैं। वही सबसे कम देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता उरला रोड दुर्ग 7 लाख 52 हजार में बिका हैं। देशी मंदिरा अहाता नयापारा 39 देशी मदिरा अहाता एसीसी चौक जामुल 49 लाख 68 हजार, देशी मंदिरा अहाता अण्डा 30 लाख 12 हजार, देशी मदिरा अहाता जेवरासिरसा 35 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता चमचा 30 लाख 60 हजार, देशी मदिरा अहाता दुर्ग कातुलबोड रोड भिलाई 45 लाख 55 हजार, देशी मदिरा अहाता मड़ौदा 40 लाख 68 हजार, देशी मदिरा अहाता चरोदा 11 लाख 90 हजार, विदेशी मदिरा अहाता सुपेला 26 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता अंजोरा 27 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता भिलाई-3 (असोगा) 14 लाख 98, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता नंदनी रोड केम्प- वन 36 लाख 50 हजार, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता दादर (चरोदा) 21 लाख 50 हजार,देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता कोहका भिलाई 25 लाख 50 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता ननकट्टी 20 लाख 15 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पोटिया रोड दुर्ग 23 लाख 76 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पुरैना 14 लाख 47 हजार, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता रिसाली भिलाई 34 लाख 67 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता सुपेला 37 लाख 31 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता तितुरडीह 34 लाख 22 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता टी. पी. नगर भिलाई 26 लाख, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता अहिवारा 14 लाख 47 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता भिलाई-तीन 30 लाख 12 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता ननकट्टी 17 लाख 28 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पोटिया रोड दुर्ग 18 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता कुगदा कुम्हारी 28 लाख 50 हजार, देशी मदिरा अहाता जामगांव 32 लाख 52 हजार, विदेशी मदिरा अहाता जामगांव 10 लाख, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता जुनवानी 32 लाख 85 हजार, विदेशी कंपोजिट मंदिरा गंज चौक दुर्ग 10 लाख 61 हजार में बिका है।

# भारतमाला के प्रभावित गांव से हटाए गए प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देवादा से अभनपुर तक बन रहे सिक्सलेन कारीडोर प्रोजेक्ट में प्रभावित गांव से बैन हटा दिया गया हैं। सडक के दोनो किनारे करीब सौ मीटर के दायरे को निर्माण होने तक खरीदी बिक्री व अन्य प्रक्रिया के लिए बैन कर दिया गया था। लेकिन अब इन गांव में निर्माण पूरा हो चुका है। जिसके बाद कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर बैन हटा दिया हैं।

- परियोजना अंतर्गत कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों में प्रतिबंध

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परियोजना निदेशक भारत माला परियोजना तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भारत माला परियोजना दुर्ग, पाटन से प्राप्त अभिमत के आधार पर भारतमाला परियोजना अन्तर्गत दुर्ग जिला के जिन प्रभावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन ग्रामों में खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जिनमें दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खोपली तथा ग्राम कोलिहापुरी और अनुभाग पाटन अंतर्गत ग्राम देमार, ग्राम छाटा, ग्राम गोडपेण्ड्री, ग्राम ठाकुराईनटोला, ग्राम तुलसी तथा ग्राम चंगोरी शामिल है। शेष प्रभावित ग्रामों जिनमें अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है उनमें प्रतिबंध पूर्व की भांति यथावत रहेगा।

### अधिसूचना किया गया था जारी

भारतमाला परियोजना अंतर्गत दुर्ग जिले के दुर्ग-तहसील के 12 ग्रामों एवं अनुभाग पाटन के 13 ग्रामों की भूमि अधिग्रहण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3 (ए) के द्वारा प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में किया गया है। जिसके अनुसार जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्रामों के प्रभावित खसरों के दोनों ओर की 100 मीटर तक की भूमि की खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया था।

### जयंती पर अहेरी में चला स्वच्छता अभियान



**दुर्ग।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ग्राम अहेरी में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, सरपंच प्रियंका देशलहरे, उपसरपंच पीताम्बर पटेल, पंचगण सहित अनेक ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य उद्देश्य श्रमदान के माध्यम से ग्राम अहेरी में स्वच्छता को बढ़ावा देना और ग्रामीणों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे द्वारा श्रमदान किया गया। जिसमें जनपद सदस्य, सरपंच, समस्त पंच एवं ग्राम वाशी उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़ा : कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण टोकरी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिवपारा वार्ड 34 के आगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 15 अप्रैल को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सैम श्रेणी के बच्चे को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा बच्चों के पालकों को बताया गया कि घर में उपलब्ध सामग्रियों से बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर निकाला जा सकता है। कुपोषण से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में माताओं को बताया गया। शिशु जीवन के प्रथम 1000 दिवस में होने वाले शारीरिक, मानसिक विकास, वजन में वृद्धि और पोषक तत्वों के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानू सोनी, कृष्णा साहू, सहायिका सुशीला निषाद, मितानिन बिंदु राजपूत, गर्भवती, शिशुवती, पालकगण, वार्ड की अन्य महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित हुए। बात दे कि पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का मकसद तकनीक और परंपरा के तालमेल से बच्चों एवं महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।

- 7वां संस्करण 22 अप्रैल तक आयोजित

# बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर होगी कार्रवाई, जांच में निकलेगी निगम की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अधिकांश करदाताओं के मृत्यु होने, प्रॉपर्टी विक्रय एवं प्रॉपर्टी कय, फ्लैट, स्वतंत्र मकान की स्थिति में निगम नामांतरण की प्रक्रिया नहीं कराने की स्थिति में प्रॉपर्टी मालिक का नाम टैक्स रसीद में सही दर्ज नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में निगम की ओर से मृतक प्रॉपर्टी मालिक के नाम से भी नोटिस, डिमांड इत्यादि जारी होता है, जो उचित नहीं है। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने समस्त करदाताओं से 30 अप्रैल के पहले अपने प्रापर्टी का सही नामांतरण कर नगर निगम के टैक्स रसीद पर उचित नाम दर्ज कराने कहा है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम सीमा क्षेत्र सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनाना एवं लायसेंस रिनिवल कारवाना अनिवार्य है। टीम दुकानों में जाकर जांच करें। यदि लायसेंस बनाए बिना व्यापार करते पाए जाते हैं तो टीम अमला द्वारा अधिकारियों के मौजूदगी में दुकान सील बन्द की कार्यवाही करें। बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जांच में निगम की टीम निकलेगी। बिना लाइसेंस के व्यापार, दुकान सील करने की कार्यवाही करेगी।

- की जाएगी दुकान सील बंद की कार्रवाई

# मनरेगा, कांग्रेस करेगी एक को प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

आगामी 30 अप्रैल तक रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य शुरू नहीं होने पर कांग्रेस आगामी एक मई को धरना प्रदर्शन करेगी। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि मजदूरों के लिए मनरेगा महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से जाब कार्ड धारी मजदूरों को 100 दिन कार्य दिया जाता है। इस वर्ष मजदूर इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हैं। मजदूरों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञापन कहा गया कि आगामी 30 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में योजना के तहत प्रारंभ नहीं किया गया तो कांग्रेस एक मई को धरना प्रदर्शन करेगी। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा मजदूरों हित की इस योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि मजदूरों को काम की तलाश में पलायन न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, चंद्रेश वर्मा, पीयूष दुबे, राकेश वर्मा, ओमप्रकाश साहू, ईश्वर वर्मा, नेमदास साहू, उमराव वर्मा, हिंसाराम वर्मा, जितेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

# आदित्यवाहिनी ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** जामुल नगरपालिका वार्ड 20 सुरडुंग में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयोजन समिति के द्वारा अन्य आचार्यों के साथ-साथ एक नकली स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीष्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रुप में प्रचारित कर आमन्त्रित किया जा रहा है। जिसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा घोर विरोध किया गया है। उन्होने इस मामले को लेकर दुर्ग कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन दिया हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि, वर्तमान में ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित स्वामी श्रीनिष्चलानन्द सरस्वती महाराज हैं।

# जीवनदान संस्था ने जयंती पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर जीवनदान संस्था भिलाई-दुर्ग द्वारा ग्राम उमरपोटी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4 में बच्चो को शिक्षा सामग्री वितरण किया गया , साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने बताया की डॉक्टर बाबा साहब अम्बेडकर भारत में अपनी शिक्षा के आधार पर भारत के संविधान की नींव रखी और सभी को शिक्षा का महत्व बताया, शिक्षा की ताकत को समझाया। उसी बात को संगठन भी चरितार्थ करने का एक प्रयास कर रहा और आज के दिन ये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही एक दिवसीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन भी रखा गया है। जिसमे पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती झमित गायकवाड, उप सरपंच सत्यप्रकाश कौशिक, पंच पूर्णिमा कुर्रे, प्रतिभा कोसरे, मंजूलता सोनवानी, तरुण साहू, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक सेक्टर उतई प्रमिला वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता गायकवाड, योगेश्वरी जांगड़े, चंपा चेलक, महेश्वरी सोनवानी, सहायिका नीलम साहू, अंबिका बंजारे, मितानिन सुशीला सोनसागर संतोषी साहू, ज्योतिकम्मो चंद्राकर आदि मौजूद थे।

- बच्चों को शिक्षा सामग्री का किया वितरण




# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने घेरा जीएसटी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम प्रर्वतन निर्देशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया।

इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार दुर्ग में भी जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण व जिला कांग्रेस दुर्ग शहर के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर केंद्र सरकार और ईडी की कार्यवाही का विरोध जताया गया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, यह कार्यवाही लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है। यह बदले की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, परमजीत सिंह, अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राय सिंह ढ़किोला, नासिर खोखर, रत्ना नामदेव, संदीप वोरा, विवेक मिश्रा, अय्यूब खान, अभिषेक शर्मा, कुसुम कुर्रे, कमल किशोर, संदीप ठाकुर, राहुल शर्मा, शरण डोंगरे, शबाना रानी, कल्याण ठाकुर, मोहित कुमार सहित अन्य कई कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग जू में जल्द आएंगे नए मेहमान

## जंगल सफारी से लाया जाएगा एक जोड़ा तेंदुआ और कानन पेंडारी से आएगा क्रोकोडायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जल्द नए मेहमान आएंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। नए वन्य प्राणियों के आने से जू की रौनक बढ़ जाएगी। सैलानी नए आकर्षक जानवरों को नजारा ले सकेंगे। मैत्रीबाग जू में एक लंबे समय के बाद कुछ नए वन्य प्राणियों को लाए जाने की तैयारी चल रही है। यहां चिड़ियाघरों से जानवरों के एक्सचेंज की योजना के तहत दो प्रजाति के चार जानवर लाए जाएंगे। इसके तहत जंगल सफारी रायपुर से एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ। यहां लाया जाएगा। एक युवा नर और मादा तेंदुआ के मैत्रीबाग आ जाने से आगे इस प्रजाति की संतति बढ़ने की समस्या का निदान हो जाएगा। मैत्रीबाग में अभी सिर्फ नाम की एक तेंदुआ बचा है। राधा नाम की तेंदुआ 19 साल की हो चुकी है। उसके सिंगल और वृद्ध होने से इस प्रजाति के परिवार बढ़ने की समस्या बनी हुई है। राधा की मौत के बाद कैज ( पिंजरा) खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए बीएसपी मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा रायपुर जंगल सफारी से एक जोड़ा तेंदुआ यहां लाए जाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके बदले में मैत्रीबाग से एक वाइट टाइगर जंगल सफारी भेजा जाएगा। इसके अलावा मैत्रीबाग में कानन पेंडारी बिलासपुर से एक क्रोकोडायल ( मगर ) मंगाया जा रहा है। करीब साल भर पूर्व एक क्रोकोडायल यहां लाया जा चुका है। इन वन्य प्राणियों के आने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि नए वन्य प्राणियों के यहां मंगाए जाने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए जंगल सफारी और कानन पेंडारी से पत्राचार चल रहा है। प्रक्रिया पूर्ण होने और दोनों चिड़ियाघरों तथा सेंट्रल जू अथारिटी से अनुमति मिलते ही नए जानवरों का लुत्फ यहां सैलानियों को मिलने लगेगा। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 6 अप्रेल के अंक में ,,फीकी पड़ रही भिलाई की शान मैत्रीबाग की चमक, नहीं आ रहे नए जानवर,, शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रबंधन का ध्यानाकर्षित किया था।



### लेपर्ड के लिए बन रहा नया बाड़ा

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ) की आमद को देखते हुए तैयारी चल रही है। दोनों नए मेहमानों के लिए नया बाड़ा ( कैज) बनाया जा रहा है। कुछ दिनों में यह बनकर तैयार हो जाएगा। लोहे की जाली का नया कैज वाइट टाइगर के कैज के निकट बनाया जा रहा है। इसके कुछ दूरी पर पुराने मादा तेंदुआ का कैज है। यह पुराना और थोड़ा छोटा है।

## खबर संक्षेप



### बोर्ड के अध्यक्षों ने ली शपथ, दया हुए शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ने पिछले दिनों 20 मंडल और आयोग के अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। उनमें से तीन बोर्ड अध्यक्षों संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा ने बुधवार को रायपुर में पदभार ग्रहण किया। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने छग स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन (नागरिक आपूर्ति ) के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा को बधाई दी।

### स्कूली बच्चों ने किया नेवई थाने का भ्रमण



**भिलाई।** शहर के स्कूली बच्चों को नेवई पुलिस थाना में आमंत्रित करके थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस राहुल बंसल द्वारा पुलिस स्टेशन का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस के कार्यों और गतिविधियों से रूबरू कराया गया। नई पीढ़ी पुलिस से संपर्क करने में असहज महसूस ना करें। परन्तु उन्हें अपना मित्र ही समझे। बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।

### गर्मी से राहत पाने प्याऊ घर का शुभारंभ



**सेलूद।** अप्रैल का माह लगते ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 10 बजे से चलने वाली गर्म हवा के कारण आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लगातार तापमान में प्रतिदिन वृद्धि होते जा रही है। राहगीरों के सूखे कंठ तर करने के लिए निः शुल्क प्याऊ सहारा बने है। पाटन चौक सेलूद निवासी राजू साहू व साथियों के द्वारा बजरंग चौक सेलूद में सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। मौके पर पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने कहा कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में सार्वजनिक प्याऊ घर खोलने का कार्य समाज सेवी लोग करते जा रहे है ।

### अब सेक्टरों के बाजारों की बदलेगी तस्वीर

# नगर सेवाएं विभाग सेक्टर छह और दस मार्केट का कर रहा उन्नयन

## नालियों की मरम्मत और साफ-सफाई शुरु की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख बाजारों की शीघ्र ही तस्वीर बदलेगी। भिलाइ इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग अब बाजारों व नालियों, सड़कों की साफ–सफाई के सा आवागमन को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य कर रहा है। बाजारों के उन्नयन की शुरुआत सेक्टर–10 और सेक्टर–6 के बाज़ारों से हुई है। सेक्टर–10 मार्केट में पार्षद के सहयोग व सुझाव से नाली निर्माण के लिए नई पाइपलाइन डालने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। सेक्टर–6 में भी बाजार के चारों ओर की नालियों की मरम्मत और साफ–सफाई भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। पूर्व में पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौराहों का उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य किया गया है। रूआबांधा के निकट पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाई ओवर तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तीव्रता से प्रगति पर है वहीं नगर सेवाएं विभाग चौक से सेक्टर–6 कोतवाली थाने तक की सड़क का चौड़ीकरण भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक और नालियों के अधूरे कार्य के कारण चौड़ीकरण का जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है उसे भी भविष्य में कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।



इसके अतिरिक्त सभी चौराहों की पेंटिंग, मरोदा की ओर जाने वाले चौराहों, डिवाइडरों की मरम्मत और उन्नयन, सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण, सभी सेक्टरों और सड़कों की जानकारी देने वाले साइन बोर्ड, बस स्टॉप की रंगाई–पोताई के साथ ही शासकीय भवनों के अनुरक्षण और वाइटवॉष का कार्य इस वित्त वर्ष में किया गया है। इसके साथ ही इस्पात नगरी के सभी प्रमुख चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे की स्थापना का कार्य भी गति पर है। शीघ्र ही इस कार्य के पूर्ण होने से नगरवासियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह कार्य जिला के पुलिस प्रषासन और भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ ही बोरिया गेट चौराहे की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सुविधाओं में निरन्तर उन्नयन के प्रयास किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ नए वित्त वर्ष में नगर सेवाएं विभाग, नई परियोजनाओं पर कार्य करने की ओर विचार कर रहा है। हर वर्ष की तरह किए जाने वाले नियमित कार्यों के साथ ही इस्पात नगरी के सभी सेक्टरों के बाज़ारों में सुविधाओं को बढ़ाने, शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, नालियों का अनुरक्षण और बाज़ार परिसर की सड़कों की मरम्मत का कार्य भी वित वर्ष 2025–26 में किया जाएगा।

# भाई है तो क्या हुआ उसे भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए: बुआ

**भिलाई।** मासूम के साथ अनाचार के बाद हत्या करने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन पहले परिजन उसकों आरोपी मानने से इंकार करते रहे थे। इतना ही नहीं परिजन आरोपी चाचा की गिरफ्तारी के बाद मामले की सीबीआई जांच की मांग करते रहे। उधर डीएनए रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को पुलिस की जांच पर भरोसा जताते हुए सहयोग करने की बात कही है। इस दौरान मासूम की बुआ व दादा ने कहा कि पुलिस ने सारे सबूत दिखाए, जिसमें मासूम का चाचा और मेरे भाई ने घटना को अंजाम दिया है। उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। परिवार के लोगों कों भी अब पुलिस पर भरोसा है।

उनकी बदौलत ही संदेह खत्म हुआ और सच्चाई हम लोगों के सामने आई है। परिजनों ने माना अब सीबीआई की जांच की जरुरत नहीं है। पुलिस खुद निष्पक्ष जांच कर आरोपी तक पहुंची है। परिजनों का कहना है कि पहले मासूम का चाचा सही था। लेकिन ये कैसे हो गया, इस बारे में नहीं पता है। लेकिन दोषी है, तो उसे सजा जरुर मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं परिजनों ने यहां तक बोला कि इस तरह के घटनाओं में आरोपी जो भी हो उसे भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए। एसपी जितेंद्र शुक्ला द्वारा गठित एसआइटी अपनी जांच में आगे बढ़ती रही। आरोपी को दोषी सिद्ध करने के लिए साक्ष्य जुटाने में जुटी पुलिस ने संदेहियों को पकड़कर

### एसआईटी टीम ने भी लिया बयान

मिली जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में स्पष्ट होने के बाद एसआईटी टीम ने परिजनों का बयान लेकर जांच को आगे बढाया है। उधर अब परिजनों की ओर से पुलिस को पूरी तरह से जांच में सहयोग किया जा रहा है। टीम मासूम के घर भी पहुंची थी। जहां सभी के बयान भी लिए गए है। उधर टीम ने आरोपी चाचा के कमरे को खंगाला। साथ ही घटनास्थल का भी मुआयना किया। पुलिस जिस तेजी से जांच कर रही है। आरोपी चाचा को जल्द सजा मिलने के आसार दिख रहें है।

### परिजनों ने जताया भरोसा

पुलिस की टीम फिर से परिवार वालों के बयान के लिए पहुंची। परिवार के लोग पुलिस से मिले और जांच में सहयोग करने का भरोसा जताया है। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की बात कही है। डीएनए रिपोर्ट में वस्तु स्थिती स्पष्ट हो गई है। पुलिस की जांच से परिवार संतुष्ट है।

- **सुखनंदन राठौर**, एएसपी

# भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन जिसमें 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य: सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भाजपा का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन बुधवार को सांस्कृतिक भवन जामुल में हुआ। अहिवारा विधानसभा के इस सम्मेलन में सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

▪ अहिवारा में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए सांसद विजय

बघेल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके 12 करोड़ से ज्यादा कार्यकर्ता हैं, पूरे देश में सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। जनता को दिल में बसाए हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विश्वास। भारत विश्व गुरु बनेगा। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 6 मंडल में सक्रिय सदस्य का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओ का सम्मान भाजपा में ही होता है। वे कभी बूथ के अध्यक्ष थे, आज पार्टी ने उन्हें जिला संगठन की कमान सौंप दी है। मंच संचालन बिजेंद्र सिंह, अनुज साहू ने किया। कार्यक्रम में जामुल पालिका के अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, रविशंकर सिंह, प्रेमलाल साहू, अशोक बाफना, शशि बघेल, रेखराम बंछोर, उपासना साहू, मिथिलेश खिचरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# दुकानदारों को बकाया राशि और समेकित कर का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए गुमटी प्रदान की गई थी। जिसमें उन्हे प्रतिमाह किराया जमा करना था, परन्तु उनके द्वारा दुकान किराया एवं समेकित कर जमा नहीं किया जा रहा है। उनसे दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है। जो दुकानदार नहीं मिल रहे हैं, उनके दुकान के सामने नोटिस चस्पा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत हितग्राहियो को जो भी दुकान आबंटित किया गया है, उसकी माह अनुसार बकाया राशि जमा करना अनिवार्य है। आज प्रियदर्शिनी परिसर के दुकानों में दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नोटिस प्रदान किया गया है। निगम के कर्मचारी उन्हे जाकर समझा रहे थे कि अपनी किस्त की राशि तत्काल जमा कर दें। अन्यथा नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आवेदन की होगी, साथ ही आबंटन भी निरस्त हो सकता है। जो आबंटिती पैसा जमा कर देगे, उन्हे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं वर्तमान समय का 1 नग फोटो जमा करना होगा। इससे उनके नाम का आनलाईन आई.डी. जनरेट हो जाएगा। जिससे उनको एक प्रमाणिकता मिलेगी, भविष्य में उसी आधार पर अपना व्यापार और आगे बढ़ा सकेगें। शासन की यह एक महत्वकांक्षी योजना है, सबको लाभ लेना चाहिए।




# सिम का झांसा देकर दो लोगों से की गई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सिम का झांसा देकर दो लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि हाउस नंबर 165 ग्राम हनोदा दुर्ग निवासी राजेश सपहा स्कूल चौक, ग्राम हनोदा मे सिम लेने गया था। जहां छतरी लगाकर सिम बेंचने वाला एक व्यक्ति आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से दूसरे को सिम आबंटित कर दिया। पीड़ित को इसकी कोई जानकारी तक नहीं बताया। पीड़ित वाहन मैकेनिक का काम करता है। घटना 8 मार्च का है। 1 सिम लेने के लिए पीड़ित ने अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम से घटना की जानकारी हुई। वहीं दूसरी घटना कसारीडीह पदमनाभपुर दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर के साथ हुआ है। ऋषि ने विशाल मोबाईल सुभाष नगर दुर्ग में सिम खरीदने गया था। विशाल मोबाईल में कार्यरत कर्मी आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर सिम नंबर दूसरे को आबंटित कर दिया। ऋषि घर में कपड़ा प्रेस करने का काम करता है। वर्ष 2023 दिसंबर माह में अपने घर के पास विशाल मोबाइल सुभाष नगर से नया सिम लेने गया था। दो बार लाइव फोटो एवं बायोमेट्रिक अंगूठा लगवाया और प्रोसेस पूरा नहीं होने का झांसा देकर वर्ष 2024 जनवरी माह में दोबारा विशाल मोबाइल सुभाष नगर गया तो वही कर्मी ने सिम लेने के लिए अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई है।

▪ घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई

### पीएनबी हाफ मैराथन में मिला स्वर्ण पदक

# दिल्ली मैराथन में भिलाई के मिल्खा सिंह भागवत राम ने लहराया परचम, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मैराथन धावक और मिल्खा सिंह के नाम से चर्चित भिलाई के भागवत राम नेताम ने दिल्ली में आयोजित दो मैराथन प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश इस्पात नगरी का गौरव बढ़ाया है।

भागवत राम नेताम ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित पीएनबी हाफ मैराथन दिल्ली में 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

इस उपलब्धि के बाद श्री नेताम ने दिल्ली में हुई 'खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स' के चौथे संस्करण में भाग लिया। प्रतियोगिता में उन्होंने एथलेटिक्स श्रेणी में तीन कांस्य पदक अर्जित कर अपनी बहुआयामी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5,000 मीटर दौड़ को मात्र 19.2 मिनट में पूरा करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।



### अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लेंगे भाग

उन्होंने 1,500 मीटर दौड़ में 5.21 मिनट का समय लेकर पुनः कांस्य पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, 3 हजार मीटर मैराथन को 35 मिनट में पूरा कर तीसरा कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के साथ ही उन्होंने अब श्रीलंका में होने वाली आगामी अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप तथा इसी प्रकार की अन्य अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भी पात्रता अर्जित कर ली है। थनौद ग्राम के नेताम बीएसपी के सिन्टर प्लांट–2 में इंजीनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं।

# जिला स्तरीय संस्कृत-भाषा बोधन वर्ग शिविर संपन्न

**कवर्धा।** जिले में पहली बार जिला स्तरीय संस्कृत-भारती द्वारा 11 से 14 अप्रैल तक संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें चार प्रबंधक उन्तीस प्रशिक्षार्थियों, पांच प्रशिक्षित शिक्षकों ने हिस्सा लिया। दिनचर्या का समय प्रतिदिन प्रात 4:30 जागरण से एकात्मस्त्रोत पाठ, योग, ध्यान, प्राणायाम, चिंतन, स्वल्पाहार, भाषा ज्ञान, विभिन्न रोचक गतिविधियों द्वारा संस्कृत भाषा शिक्षण आयोजित किया गया। वहीं 14 अप्रैल समापन दिवस के अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई, समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्णेन्द्र सिन्हा, मुख्य वक्ता हेमंत साहू एवं विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में गेयगीतम, संस्कृत वार्तालापः नाटक, श्लोक पठन, संस्कृत चित्र पत्रं एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पैसे देने से मना करने पर चाकू से हमला

**राजनांदगांव।** नशे के लिए पैसा की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा मना करने से आरोपी ने गाली-गलौज कर चाकू से हमला किया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 अप्रैल को रात्रि करीबन साढ़े 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से घूमकर वापस आकर शंकरपुर तालाब के पास रूका था। उसी समय मोहल्ले का शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली आकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। मना किया तो गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से जांघ में वार कर चोंट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 351(2), 115(2), 119(1) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर शंकरपुर तालाब के पास घेराबंदी कर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली उम्र 25 साल साकिन गौराचौरा शंकरपुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया है।

### बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही चिखली चौकी पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 फरवरी 2023 को अपने बाइक ड्रीम योगा रेलवे स्टेशन मे पार्किंग में खड़ा कर अपने काम से चला गया था। करीबन 2 घंटे बाद वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर बाइक को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### बच्चों को दी विदाई

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में पाँचवीं एवं आठवीं के बच्चों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर में कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### पंचायत के सभापति बने दीपक

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत एटीकसा में स्थाई समिति का गठन किया गया। निर्माण तथा विकास समिति में दीपक वैष्णव सभापति एवं अन्य तीन को सदस्य बनाया गया है। सदस्यों में रवि जंघेल, सरस्वती जांगड़े, बिसन बाई जांगड़े निर्विरोध चुने गए। सामान्य प्रशासन समिति के सभापति सरपंच संतोषी साहू के साथ चार सदस्य संतोष कोसरे, दीपक वैष्णव, भूपेन्द जंघेल, पुर्णिमाबाई जोशी हैं। शिक्षा स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण समिति में सभापति संतोष कोसरे, सदस्य शत्रुहन भारती, सरस्वती, सुनीता साहू, कृषि राजस्व तथा वन समिति में सभापति भूपेन्द जंघेल, सदस्य मनीषा साहू, साधना साहू, रवि जंघेल, गौठान समिति में सभापति पूर्णिमा जोशी, सदस्य बिसन साहू, किशन यादव, साधना साहू हैं।

### रेडियों का निःशुल्क वितरण

**डोंगरगढ़।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बोरतलाव ने गत दिनों सिविक एक्शन कार्यक्रम अंतर्गत रामजीटोला, बोदराटोला एवं कुरेझर के संयुक्त शिविर का आयोजन रामजीटोला में किया। शिविर में सहायक सेनानी राजीव कुमार शर्मा के रेडियो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में तीनो गाँव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### शपथ समारोह में शामिल हुए भाजपाई

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में 16 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, विजेंद्र ठाकुर, संतोष राव, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंह मोंटी, सौमित्र सोनी, वीरेंद्र साहू, गिरीश साहू, रामकुमार डड़सेना आदि शामिल हुए।

---

### पुलिस कार्रवाई के बाद भी क्रिकेट आईपीएल पर सट्टा का बढ़ा कारोबार

# सिटी और आउटर क्षेत्रों में सटोरियों का आनलाइन नेटवर्क में खेल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल यानी की सटोरियों की दिवाली मार्च से शुरू हो गई है। आईपीएल क्रिकेट सीरीज के हर मैच में जिले में लाखों का सट्टा लगाया जाता है और सटोरियों द्वारा आईपीएल की अपने विसात भी जमा चुके हैं। इसके अलावा पुलिस की धर पकड़ से बचने कई बड़े खाईवाल अपने छोटे खाई वालों को छोड़कर पुलिस के शिकंजे से बचने शहर भी छोड़ दिए हैं। वे सट्टे की बुकिंग के लिए दूसरे राज्यों के शहरों में बैठकर नया नेटवर्क जहां खड़ा कर चुके हैं। वही प्रदेश के साथ साथ देश विदेश में चर्चित महादेव सट्टे बाजी का कनेक्शन बेमेतरा से जुड़े होने की खबरों के चलते जिले काम नाम प्रदेश में सुर्खियों में आ गया है। बहरहाल कल तक सड़क पर अपनी जिन्दगी गुजर बसर करने वाले युवा महंगे शौक पूरे करते हुए लग्जरी गाड़ियों पर नजर आ रहे हैं। बता दें कि इस आईपीएल सट्टे के चलते एक 16 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली थी, उसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों पर कार्यवाही की थी, परंतु फिर से वह सट्टेबाज शहर सक्रिय हो गए




#### जिले की पुलिस भी बुकिंग नेटवर्क की पड़ताल में जुटी

क्रिकेट मैच पर होने वाले लाखों रुपए के सट्टे के कारोबार को दबोचने के लिए पुलिस भी कोशिश कर रही है ! जानकारी के अनुसार इसके लिए साइबर सेल की मदद से बड़े सटोरियों के नेटवर्क की निगरानी की जा रही है, पुराने नामचीन सटोरियों और बुकिंज आईपीएल सीजन से पहले ही भूमिगत होने से पुलिस इनका पता लगा रही है 2 साल पहले कोतवाली क्षेत्र में पुलिस में सट्टा बुकिंग की सूचना पर क्षेत्र के एक घर से लाखों रुपए की नगदी बरामद कर केस दर्ज किया था उसके अलावा दो और सटोरियों को भी पकड़ा गया था परंतु उसके बाद भी व सट्टेबाज फिर से सक्रिय नजर आ रहे हैं !

#### हर मैच में लगते हैं लाखों के दाम


शहर में आईपीएल सीजन के हर मैच में सट्टेबाजों की जमकर चांदी होती है। एक-एक मैच पर लाखों रुपए की बुकिंग और खाई बाजी में बेहिसाब कमाई होती है। ऑनलाइन बुकिंग की वजह से इनका नेटवर्क ट्रेक पुलिस के लिए भी काफी मुश्किल होता है। आईपीएल सट्टा खेलने वाले कुछ सटोरियों अभी ऑफलाइन खिला रहे हैं। इनके द्वारा शहर में कुछ खास जगह पर अपने बुकिं बैठा कर रखते हैं, जो नगद रुपए लेकर बुकिंग करते हैं और मैच के बाद लाखों की नकदी कई जगह पहुंचा देते हैं। 2 साल पहले शहर के एक घर से पुलिस ने आईपीएल सट्टा की भारी-भरकम पर्ची एवं नगदी भी जब्त की थी।

#### आईपीएल सट्टे वालों का शहर में तगड़ा नेटवर्क

आईपीएल सटोरियों का शहर में तगड़ा नेटवर्क है। दर्जनभर बड़े खाईवाल हैं, जो ऑनलाइन सट्टा बुकिंग कर नेटवर्क फैलाकर आईडी बेच रहे है। इन आईडी पर ई वॉले में रुपए जमा करना होता है। आईडी पर ही मैच के टॉस सेशन, विकेट सेशन के भाव चढ़ते-उतरते रहते हैं, इसके लिए सटोरियों कोड वर्ड का उपयोग करते हैं। क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वाले सटोरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय है। सट्टा बुकिंग के लिए खेलने वालों को आईडी लिंक दी जाती है, जिस पर वह मनचाही राशि का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर मैच और टीमों पर दाव लगा सकते हैं। शहर में ऑनलाइन सट्टे की आई डी बेचकर बुकिंग करने वाले एक दर्जन से ज्यादा लाइन सक्रिय है, जिन्हें बड़े खाईवाज प्रदेश या देश के अन्य राज्यों के शहरों में बैठकर चला रहे हैं।

---

# पीएम बीमा योजनाओं के हितग्राहियों को 6 लाख के चेक वितरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ विकासखंड में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 6 लाख रुपए की बीमा राशि के चेक पात्र नामांकित सदस्यों को वितरित किए गए।

बैंक मैनेजर गिरिजा शंकर बघेल एवं जनपद पंचायत नवागढ़ के बीपीएम द्वारा तीन लाभार्थियों को यह राशि सौंपी गई। ग्राम अंधियारखोर की मृतका भुनेश्वरी वैष्णव के नाम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख उनके पति रघुनंदन वैष्णव को प्रदान किए गए। इसी प्रकार ग्राम धोबघट्टी की मृतका रामकुमारी यादव के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए उनके पुत्र संदीप यादव को प्रदान किए गए।

वहीं अंधियारखोर ग्राम की ही विमला लहरी की मृत्यु पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2 लाख रुपए उनके पति मोहन लहरी को प्रदान की गई। यह चेक वितरण जनपद पंचायत के सहयोग से आयोजित किया गया, जिससे ग्रामीणों में बीमा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ सकें ।

---

# आवास से वंचित लोगों का सर्वे होगा 30 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

सुशासन उत्सव योजना के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ ही अब मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान शुरू हो गया है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से उन ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो अब तक स्थाई प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में छूट गए थे। जानकारी के अनुसार आवास के लिए सर्वेक्षण तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में आगामी 19 अप्रैल तक यह जिला एवं ब्लॉक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलाया जा रहा है। आगामी 20 से 28 अप्रैल तक दूसरे चरण में गांवों में नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक ग्राम सभाओं के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करेंगे। अंतिम चरण में 29 एवं 30 अप्रैल तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वेक्षण पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

#### प्रतिभागियों को मिलेगा सम्मान

महाअभियान के दौरान विशेष योगदान देने वाले अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली, नारा लेखन, गीत एवं कविता लेखन के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

---

# ब्रह्माकुमारी की आध्यात्मिक शिक्षा को जीवन में आत्मसात करें आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने विधायक निवास में शिव ध्वजारोहण का आयोजन किया



प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विधायक दीपेश साहू के निवास कार्यालय में एक भव्य शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आ ध्या त्म क जागरूकता, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच का प्रचार-प्रसार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति एवं शांति प्रार्थना के साथ हुई। तत्पश्चात शिव ध्वज का विधिवत पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न हुआ। ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों द्वारा आत्मशुद्धि, सकारात्मकता तथा आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्थान समाज में नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना और आध्यात्मिक जागरूकता के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहा है। आज के समय में जब व्यक्ति बाहरी भौतिकता में उलझा हुआ है, तब आंतरिक शांति और आत्मिक ज्ञान का मार्ग अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किए कि वे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दी जा रही आध्यात्मिक शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात करें, जिससे हमारा समाज शांति, सद्भाव और नैतिकता की राह पर अग्रसर हो सके।

इस दौरान मौजूद ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने संदेश में कहा कि यह शिव ध्वज सारे विश्व में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को फैलाएगा। सहयोग के वाइब्रेशन केवल बेमेतरा ही नहीं, अपितु समस्त विश्व में सुख-शांति के संचार का कार्य करेंगे। इससे मानव जीवन में प्रेम, सहयोग और सुख-दुख बांटने की भावना जागृत होगी, क्योंकि परमात्मा शिव हम सबके आध्यात्मिक पिता हैं। इसी भाव से हम सब एक साथ नारा लगाते हैं – 'हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई – हम सब हैं भाई-भाई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को शांति, सद्भावना और नैतिक जीवन का संदेश देते हुए प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का वाहक बना, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, समरसता और नैतिक मूल्यों को पुनःस्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी शशि प्रभारी बेमेतरा, ब्रह्माकुमारी सुनीता, भ्राता पीताम्बर पटेल सरपंच, खरझिटीकला, भरत साहू, झामीन साहू, छलेश्वर साहू, सालीकराम साहू, कृष्ण प्रसाद तिवारी पेंशनर समाज जिलाध्यक्ष, बंशी साहू सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# गूंजने लगीं शहनाइयां, एसी वाले भवनों की मांग अधिक, बैंड-बाजे की एडवांस में बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अप्रैल माह के मध्यान्ह से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होने से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मांगलिक शहनाईयों की गूंज बनी हुई है। वैवाहिक मुहूर्तों ने बाजार में रौनक ला दी है। लोग जमकर खरीदी करने जुटे हुए हैं।

ज्ञात हो कि खरमास एवं होलाष्टक के चलते मार्च माह में सिर्फ 1, 2 व 6 तारीख को ही मुहूर्त थे। इसके बाद लोगों को वैवाहिक मुहूर्त का इंतजार बना हुआ था। अप्रैल माह के मध्यान्ह से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उनके चेहरे खिल गए हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की इन दिनों धूम है।

इधर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों लगातार वैवाहिक मुहूर्त का दौर जारी है। जिसके चलते लोगों की व्यस्तता बढ़ गई है। बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों चहल-पहल बढ़ी हुई है। कपड़ा, फर्नीचर, सराफा सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते खुले स्थान पर वैवाहिक आयोजन करने वालों की चिंता बढ़ी हुई है। ज्ञात हो कि बदली व तेज हवाओं एवं बारिश का वातावरण विगत दो-तीन दिनों से है। जिसके चलते कार्यक्रम स्थल को मौसम से सुरक्षित रखने की भी समस्या बन रही है। बहरहाल वैवाहिक आयोजनों के चलते लोगों की आवाजाही बढ़ी है। जिससे यात्री वाहनों में भी भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है।



#### मई में अधिक मुहूर्त

पंचांग के अनुसार अप्रैल माह में 14, 16, 18, 20, 21, 25, 29, 30, मई माह में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 28, जून में 2, 4, 5, 7, इसके बाद नवंबर में 22, 23, 24, 25, 29, 30, दिसंबर में 1, 4, 5, 6, 10 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है, जिसे लेकर लोगों में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण है। सर्वाधिक मुहूर्त मई माह में एवं कम मुहूर्त जून में है। वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही वैवाहिक आयोजनों से जुड़े शामियाना, कैटरिंग, डेकोरेशन, बैंड बाजा, धुमाल सहित अन्य व्यवसायियों की व्यस्तता भी बढ़ने लगी है।

---

# सौंदर्यीकरण व सुरक्षा के लिए लगे ग्रिलों की चोरी, रानीसागर की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहर को संवारने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा सौंदर्यीकरण को बिगाड़ने के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है और सामानों की चोरी भी की जा रही है। रानीसागर की बाउंड्रीवॉल में लगे सैकड़ों ग्रिल को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। ऐतिहासिक रानीसागर की बाउंड्रीवॉल का एक बड़ा हिस्सा ग्रिल चोरी होने से क्षतिग्रस्त हो गया है। शहर के ऐतिहासिक रानीसागर सौंदर्यीकरण की दिशा में यहां सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्रीवॉल कराया गया था और इस बाउंड्रीवॉल में सैकड़ों टुकड़ों में अलग-अलग जगह पर ग्रिल लगाई गई थी, लेकिन बाउंड्रीवॉल से सभी ग्रिल की चोरी कर ली गई है।



#### त्रिवेणी परिसर से चौपाटी तक

शहर के त्रिवेणी परिसर से लेकर चौपाटी तक लगभग दो-ढाई सौ की संख्या में लोहे की ग्रिल लगी थी। इन सभी ग्रिल को तोड़कर असामाजिक तत्वों द्वारा निकाल लिया गया है। ग्रिल के चोरी हो जाने से बाउंड्रीवॉल भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

#### आरोपियों के हौसले बुलंद

असामाजिक तत्वों द्वारा रानीसागर की बाउंड्रीवाल से सैकड़ों ग्रिल चोरी होने के बाद भी इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई गई है। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है और आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

---

# समर कैंप में मौसमी बीमारी से अवगत हो रहे बच्चे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय शाला शाला गुनरबोड विकासखण्ड बेमेतरा में 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें बच्चों को बेसिक इंग्लिश के साथ टाई एंड डाई, आर्ट एवं क्राफ्ट, योगा, क्ले आर्ट आदि सिखाया जा रहा है। समर कैंप सुबह 8 से 10 बजे तक प्रतिदिन संचालित हो रहा है। इस समर कैंप में शाला के बच्चों के साथ ही अन्य बच्चों को आने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। गुरुवार बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए तरबूज का वितरण किया गया। बच्चों ने तरबूज का खूब आनंद उठाया।

आज शुक्रवार बच्चों को इंग्लिश के साथ साथ क्ले आर्ट कराया जाएगा। बच्चों को समर कैंप में गुड हैबिट्स गर्मी में लू लगने से कैसे बचना है। मौसमी बीमारियों से रोकथाम के उपाय आदि भी आवश्यक रूप से बताया जाता हैं। इस समर कैंप की प्रभारी शिक्षिका विधि शर्मा हैं। प्रधान पाठिका आशा कुजूर के सहयोग साथ ही ग्राम गुनरबोड़ के शाला के पूर्व विद्यार्थी विशाल की मदद से यह समर कैंप प्रतिदिन संचालित हो रहा है।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411